epaper हिन्दुस्तान

ईज ऑफ लिविंग को बेहतर बनाया जाए: मुख्य सचिव

26/05/2022



लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि लोगों के जीवन में सुगमता लाने के लिए ईज ऑफ लिविंग को बेहतर बनाएं। शहरों का वातावरण स्वच्छ व सुरक्षित रखें और लोगों को सड़क पर चलने की बेहतर सुविधा दें।

मुख्य सचिव ने बुधवार को मंडलायुक्तों, डीएम, नगर आयुक्तों व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग में कहा कि शहरवासियों को जाम से निजात दिलाना प्राथमिकता में हो। इस समस्या का सर्वे करके दूर करें। सड़क दुर्घटनाएं अधिक होने वाले स्थानों को चिह्नित कर तकनीकी सुधार कराएं। यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराएं। पार्किंग व्यवस्था ठीक कराएं। अतिक्रमण, अवैध पार्किंग व आटो, टैक्सी, बस स्टैंड हटाएं और दुबारा न लगने दें। सड़कों पर धार्मिक आयोजन न होने दें। धर्मगुरुओं से इसके लिए सौहार्दपूर्ण वातावरण में लगातार बातचीत की जाए। व्यापारियों से संवाद कर सुनिश्चित किया जाए कि दुकानदार तय सीमा में ही अपनी दुकानें लगाएं।

रेहड़ी व पटरी दुकानदारों को भी तय स्थान पर दुकान लगाने दें। होमगार्ड व पीआरडी जवानों को ट्रैफिक व्यवस्था की देखरेख में तैनात किया जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इनके वाहनों की फिटनेस सही रहे, इसकी निगरानी की जाए। गड़बड़ मिले तो कार्रवाई की जाए। सरकारी कार्यालय साफ व व्यवस्थित दिखे। चौराहों का जरूरत पर सौंदर्यीकरण कराया जाए। नगर निकायों में जुड़े नए गांवों में भी साफ-सफाई सहित अन्य नगरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।